## प्रारुप–11

## (वन भूमि मांग का औचित्य)

परियोजना विवरण :– जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र देवप्रयाग के विकास खण्ड कीर्तिनगर के अन्तर्गत ढुण्ड़सीर शिवालय सम्पर्क मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य (लम्बाई 1.500 कि0मी0)।

जनपद जनपद टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत **ढुण्ड़सीर शिवालय सम्पर्क मोटर मार्ग** निर्माण हेतु **1.50** कि0मी0 लम्बाई हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति संयुक्त सचिव उत्तराखण्ड़ शासन के पत्र सं0 1144/ |||(2)/14–72(प्रा0आ0)/2013 दिनांक 04.03.2014 द्वारा रू0 11.67 लाख की प्राप्त हुई है।

उक्त मार्ग के नव निर्माण हेतु समरेखण अधीक्षण अभियन्ता 8वां वृत्त लो0नि0वि0 नई टिहरी द्वारा उनके पत्रांक **6148/902 याता0–8/2017 दिनांक 19.11.2017** से स्वीकृत है एवं खोला धारपयांकोटी मोटर मार्ग से डुंगरी तक की दूरी लगभग 1.500 कि0मी0 है। जिससे कि ग्रामवासियों को 1.500 कि0मी0 की पैदल दूरी तय करनी पड़ती है। डुंगरा गांव तक मोटर मार्ग ले जाने हेतु नाप भूमि के साथ–साथ सिविल वन भूमि की भी नितान्त आवश्यकता हैं बिना सिविल भूमि के मार्ग निर्माण सम्भव नहीं है एवं वर्तमान में डुंगरा गांव हेतु कोई अन्य वैकल्पिक मार्ग भी नहीं है। अतः इस ग्राम को संयोजित किया जाना औचित्य पूर्ण है। साथ ही ग्रामवासियों के लोकल प्रोड़क्ट मार्केट में नहीं आ पाते है, और काश्तकारों को उनकी फसल का मोटर मार्ग उपलब्ध न होने के कारण लाभ नहीं मिल पाता है। इस मोटर रमार्ग के बनने से जहां लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा वहीं राष्ट्र की सम्पन्नता में भी वृद्धि होगी। इसलिये उक्त मोटर मार्ग का निर्माण किया जाना अति आवश्यक है।

अतः उक्त मोटर मार्ग निर्माण हेतु प्रभावित होने वाली 0.609 हे0 नाप भूमि, 0.1045 है0 में सिविल वन भूमि, शून्य हे0 वन पंचायत भूमि, 0.00 है0 आरक्षित वन भूमि, अर्थात 0.45615 है0 वन भूमि हेतु हस्तान्तरण प्रस्ताव स्वीकृति प्रदान किये जाने हेतु प्रेषित किया जा रहा है।

सहायक अभियन्ता
अ0ख0 लो0नि0वि0 श्रीनगर
मु0 कीर्तिनगर।

अधिशासी अभियन्ता
अ0ख0 लो0नि0वि0 श्रीनगर
मु0 कीर्तिनगर।

वन क्षेत्राधिकारी
मानिकनाथ रेंज,डांगचौरा
नरेन्द्रनगर वन प्रभाग

उप प्रभागीय वनाधिकारी
(देवप्रयाग)
नरेन्द्रनगर वन प्रभाग

प्रभागीय वनाधिकारी
नरेन्द्रनगर वन प्रभाग
मुनि–की–रेती